## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों को निमोनिया रोग से बचाव के लिए शुरु हुआ सांस अभियान

**इंदौर, नप्र।** बच्चों को निमोनिया रोग से बचाव तथा जागरूकता के लिए सांस अभियान संचालित किया जा रहा है। सांस अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. सैत्या द्वारा किया गया। यह अभियान 28 फरवरी 2025 तक जिले में चलाया जाएगा। डॉ. सैत्या ने बताया कि 05 वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण होता है। इस आयु वर्ग के बच्चों में 17.4 प्रतिशत मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। निमोनिया से होने वाली मृत्यु को 03 प्रति हजार जीवित जन्म पर लेकर आना है और इस अभियान के माध्यम से बच्चों की निमोनिया से होने वाली शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग का सहयोग लिया जाकर व्यापक जागरूकता के प्रयास किए जाएंगे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता ने बताया की अभियान के दौरान समुदाय आधारित गतिविधियाँ एवं गृह भेंट के माध्यम से निमोनिया की पहचान एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता द्वारा की जाकर उपचार तथा परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### इंदौर से सागर और भोपाल रुट पर चलने वाली यात्री बसों की सघन चेंकिंग

**इंदौर, नप्र।** इंदौर में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों/बसों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहनों के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र आदि चेक किये जा रहे हैं। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि आज विशेष रूप से नवलखा बस स्टैंड से संचालित बसों की चेकिंग की गई। इंदौर से सागर, इंदौर से भोपाल रूट की बसों की भी चेकिंग की गई। यात्रियों से अधिक किराया लेने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने, बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 20 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। इस दौरान वाहन संचालकों से 60 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

### इंदौर के 400 से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में मिलेगी नौकरी, रोजगार मेला 20 नवम्बर को

**इंदौर, नप्र।** इंदौर जिले में बेरोजगार युवाओं को कलेक्टर श्री आशीष सिंह निर्देशन में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में जिला रोजगार कार्यालय और आईटीआई द्वारा मिलकर 20 नवम्बर को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर में रोजगार मेला आयोजित किया गया है। यह रोजगार मेला सुबह 10 बजे से 04 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार कार्यालय उपसंचालक (रोजगार) श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होने के साथ ही साथ व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई जायेगी।

# महापौर द्वारा वार्ड 72 एवं विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

## लोकमान्य नगर में एसटीपी प्लांट के लिए प्लान तैयार करने के लिए निर्देश, उद्यान विकास के साथ ही होगा योग शेड का निर्माण

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र। महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी द्वारा झोन क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 72 में विभिन्न क्षेत्रों मैं सफाई व्यवस्था, उद्यान एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्षद श्री योगेश गेंदर, अपर आयुक्त श्री श्री मनोज चौरसिया, जोनल अधिकारी श्री नदीम खान, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज प्रातः वार्ड क्रमांक 72 के अंतर्गत दशहरा मैदान के पास बने गए संजीवनी क्लिनिक का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा संपूर्ण लोकमान्य नगर, केसर बाग रोड, सिद्धार्थ नगर, अलंकार पैलेस कॉलोनी, रैवेन्यू नगर एवं अन्य कॉलोनी में सफाई व्यवस्था के साथ ही उद्यान विकास एवं सीवरेज लाइन कार्यों के संबंध में निरीक्षण किया गया।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा वार्ड क्रमांक 72 के अंतर्गत किए गए निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था के संबंध में रहवासियों से भी चर्चा की गई। चर्चा के दौरान रहवासियों द्वारा लोकमान्य नगर में सीवरेज लाइन की निकासी की समस्या को दृष्टि कर रखते हुए महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा झोनल अधिकारी श्री नदीम खान को डीआरए के माध्यम से लोकमान्य नगर में एसटीपी प्लांट बनाने हेतु प्लानिंग तैयार करने के लिए निर्देश दिए गए, ताकि एसटीपी प्लांट से निकलने वाले ट्रीटेड वॉटर का क्षेत्र में स्थित उद्यानों मे उपयोग किया जा सके एवं नागरिकों द्वारा अन्य उपयोग भी किया जा सके।

महापौर भार्गव द्वारा अलंकार पैलेस कॉलोनी में डाली जा रही स्टांप वाटर लाइन कार्य का अवलोकन किया तथा रैवेन्यू नगर में निगम की शासकीय भूमि पर अन्य विकास कार्यों के लिए प्लानिंग तैयार करने के भी निर्देश दिए गए।

## रक्तदान एक कोशिश के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

# रक्तदान एक कोशिश मानव कल्याण समिति के द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया...





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** संस्था के अध्यक्ष मनीष शांति पिपले की माताजी श्रीमति शांति देवी जी के हाथो से रिबिन कटवाकर शिविर का शुभारम्भ किया गया...!

इस शिविर मे डॉ अवनीश, डॉ साक्षी, डॉ रितुराज शर्मा, डॉ विपिन कुमार, डॉ पंकज कोटिया, मार्केटिंग डिपार्टमेंट से अवधेश सिंह चौहान, देवपाल लोधी व हृदय रोग, कैंसर रोग, पेट रोग, हड्डी रोग, दाँत रोग, शिशु रोग, मस्तिषक रोग, नि: संतान का उपचार, नाक, कान, आँख, गला, मोतियाबिंद आदि बीमारियों के विशेष डॉक्टर यहां उपलब्ध थे! शिविर मे नंदकिशोर व्यास जी के द्वारा अंगदान - देहदान की जागरूकता को लेकर स्टॉल भी लगाया गया...! इस निशुल्क शिविर का 200 से भी अधिक रहवासियों ने लाभ लिया... शिविर के दूसरे दिन 30 पेशंटो की जांचो के लिए इंडेक्स हॉस्पिटल से बस आएगी और सारे पेशेंटो को लेकर जाएगी और आवश्यकता होने पर सर्जरी की जाएगी... जांचे और सर्जरी भारत सरकार की आयुष्मान योजना के तहत बिल्कुल नि:शुल्क की जाएगी..! शिविर में राजेश पिचोंडवाल जी, अम्बाराम चकोटिया जी, अमन कपोनिया जी, गजेंद्र वर्मा जी, हेमेंद्र पिपले जी, मनीष पांडे जी, दिलीप कनाड़े जी, राजेश सवनेर जी, उपाध्यक्ष मयूर नीम, पुनीत वाधवानी, कोषाध्यक्ष सोनू मिथोरिया, ममता पिपले, सचिव रक्षा गंगराडे, सविता इंगले, मीडिया प्रभारी सुनीता जयपाल, सदस्य दीपेश जैन, अमृत वर्मा, श्याम खोडे, शिवानी, ज्योति, शालिनी, रोहन आदि का विशेष योगदान रहा..!

संस्था के अध्यक्ष मनीष शांति पिपले ने सभी सहयोगी मित्रों को धन्यवाद प्रेषित करा..!

## हारमनी जैन गोल्डन गर्ल अवार्ड प्राप्त कर बनी एसएफए चैंपियन







विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** स्वीमिंग एवं स्केटिंग काम्पीटिशन में तीन गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल जितने वाली हारमनी जैन ने एसएफए चैंपियनशिप के लिए राज्य स्तर पर आयोजित स्वीमिंग एवं स्केटिंग में 4 मेडल जीतकर इंदौर को गौरवान्वित किया। एसएफए चैंपियनशिप जीतकर शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल की हारमनी जैन ने गोल्डन गर्ल अवार्ड के साथ रू 25000/- का कैश प्राइज़ भी जीतकर सबका मन मोह लिया। अवार्ड एवं पुरस्कार दी एमराल्ड हाईट्स वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर ने देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में म प्र के अनेकों स्कूल के खिलाड़ी, कोच एवं अभिभावक उपस्थित थे। हारमनी जैन की इस विशेष सफलता के लिए फेडरेशन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जैन, महिला संघ की संस्थापक अध्यक्ष रेखा जैन, शिशुकुंज स्कूल के डायरेक्टर राजेश मेहता, प्रेम सेठिया, एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर धीरेंद्र दवे एवं प्राचार्य डॉ ललिता सिंह, स्वीमिंग हेड मनोज दवे, कोच विकास सर, स्केटिंग हेड योगेश सर, नरेश सर ने बधाइयाँ दी। जन्मायक विवेक शारदा जैन ने खुशी ज़ाहिर करते हुए सभी को धन्यवाद दिया।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी एवं आधार बैंक खाता लिंकिंग अनिवार्य

**इंदौर, नप्र।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बहुत से किसानों ने अभी तक ई-केवाईसी और आधार बैंक खाता लिंकिंग नहीं कराया हैं। इस योजना का लाभ किसानों को साल 2019 से दिया जा रहा है, योजना का लाभ पाने के लिए ई-केवाईसी और आधार बैंक खाता लिंकिंग अनिवार्य कर दिया गया है। सभी हितग्राही किसानों को अगले 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से अपनी ई-केवाईसी और आधार बैंक खाता लिंकिंग कराने का आग्रह किया गया है। अगर किसान निर्धारित समय के भीतर यह प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं, तो वे इस योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे और इसके लिए उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। ई-केवाईसी के लिए किसान अपनी संबंधित तहसील में संपर्क कर सकते हैं, जबकि आधार बैंक खाता लिंकिंग के लिए उन्हें संबंधित बैंक शाखा में जाना होगा।

# कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर स्ट्रीट फूड की जाँच, खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई







विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को इंदौर शहर में बिकने वाले स्ट्रीट फूड विशेषकर चायनीस फूड के साथ परोसे जाने वाले विभिन्न प्रकार की सॉस एवं चीज़ की जांच हेतु कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे।

निर्देशों के परिपालन में अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के मार्गदर्शन में आज स्ट्रीट फूट विशेषकर चायनीस फूड के साथ परोसे जाने वाले विभिन्न प्रकार की सॉस एवं चीज़ की सघन जाँच की गयी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा मेघदूत चौपाटी, विजय नगर में विभिन्न स्ट्रीट फूड वेंडर्स की सघन जांच की गई तथा टीम द्वारा खाद्य पदार्थ जैसे - मेंयोनीस, चीज़, गार्लिक सॉस, पिज्जा, टॉपिंग चीज़ एंड चिली, टोमेटो कैचप, सेज़वान सॉस, पास्ता पिज्जा सॉस, पिज़्ज़ा टॉपिंग क्रिमी टोमेटो आदि के कुल 08 नमूने जाँच हेतु लिए गए।

इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में सेज यूनिवर्सिटी स्थित मेस एवं कैंटीन का निरीक्षण जाँच टीम द्वारा किया गया। टीम द्वारा केंटीन से रेड चिल्ली सॉस, जीरावण मसाला, विनेगर, हक्का नूडल्स के कुल 04 नमूने तथा मेस से तुअर दाल एवं सौफ के कुल 02 नमूने लिए गए। जाँच के दौरान परिसर में कमियाँ भी पाई गई, जिनमें सुधार हेतु सुधार सूचना पत्र जारी किया जा रहा है।

जाँच हेतु लिए गए सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात आगामी वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। आम नागरिकों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सतत् कार्रवाई जारी रखी जायेगी।

### मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता




**इंदौर (विनय उजाला)।** विदिशा में दिनांक 12 नवंबर 24 से 13 नवंबर 24 तक खेली गई राज्य स्तरीय सब जूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में धार जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए धार ताइक्कांडो एसोसिएशन के बच्चों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए।

35 किलोग्राम वर्ग में आराध्य पिता विजय शर्मा ने कांस्य पदक तथा 24 किलोग्राम वर्ग में अदिश्री राठौर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच गगन सिंह ने ये जानकारी दी। विजेता बच्चों को बधाईयां दी गई।

## शिक्षक ही देश में अनुशासित, देशभक्त, संवेदनशील, प्रगतिशील विचारधारा से परिपूर्ण

# सभ्य विद्यार्थी और देश के गौरवशाली नागरिक का सृजनकर्ता होता है : डॉ. भरत शर्मा

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र। उक्त विचार संस्कृति मंत्रालय सदस्य - डॉ. भरत शर्मा ने प्रदेश के प्रतिष्ठित विद्यालय सैंट पॉल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव परिवर्तन 2024 में बतौर मुख्य अतिथि कहीं।**

आपने कहा मुझे आप अतिथि ना माने वरन् इस विद्यालय का छात्र ही माने। अपने विद्यालय में शिक्षण प्राप्त करने के बाद उसी विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित होना किसी भी छात्र के लिए गौरवशाली क्षण होता है। आपने छात्रों को भविष्य में होने वाली शैक्षणिक और व्यावहारिक प्रतिस्पर्धा के लिए आज से ही तैयारी करने की प्रेरणा दी और छात्र को शिक्षण के अलावा, व्यावहारिक ज्ञान, अनुशासन, देशभक्ति, संवेदनशील और स्वावलंबी जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। आपने कहा कि जब फिर कोई छात्र इसी विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में पधारेगा वह क्षण ना केवल उसके लिए वरन् विद्यालय के लिए भी यादगार क्षण रहेगा।

आपने सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं के प्रति सामाजिक कुरीतियों के विषय में भारतीय संस्कृति की सीख देते हुए कहा की हमारी संस्कृति में नारी का सम्मान सर्वोच्च रखा गया है।

यत्र पूज्यन्ते नारीयस्तु रमणते तत्र देवता श्लोक के माध्यम से नारी के प्रति सम्मान पर अपना विचार रखा। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा भारतीय कुरीतियों, सामूहिक परिवार, योग, शिक्षा और उनके महत्व पर आधारित नाट्य और नृत्य के शानदार प्रदर्शन ने सबका मन मोह लिया। डॉ. भरत शर्मा का सम्मान श्रीफल और स्मृति चिह्न से विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर श्री सिबी जोसेफ़ ने किया।

कार्यक्रम में मनीष दीक्षित (टीटू), इंडोथाई कमोडिटी के श्री बंडी, वीरेंद्र पुराणिक, विशिष्ठा शर्मा, राजेश जोसेफ और बढ़ी संख्या में छात्र छात्राएँ और उनके पालक मौजूद रहे।

# इंदौर जिला वरिष्ठ वर्ग में कविता और कहानी लेखन में प्रथम

विनय उजाला



इंदौर, नप्र। राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2024 के अंतर्गत विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति प्रेम, जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना जागृत करने के उद्देश्य से पेंच अभ्यारण में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में इंदौर जिले की ओर से वरिष्ठ वर्ग एवं कनिष्ठ वर्ग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिसमें वरिष्ठ वर्ग के छात्र हर्ष जाटव ने कहानी लेखन में एवं कविता चौरसिया ने कविता लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया कनिष्ठ वर्ग में शिवानी भदोरिया एवं अंशुल तोलावत को भी प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ 7 इंदौर जिले का नाम गौरवान्वित किया। इको क्लब नोडल अधिकारी डॉ. संगीता विनायका एवं मास्टर ट्रेनर जगदीश जोशी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के विभागों के सहयोग एवं सामंजस्य से आयोजित इस अनूठे राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2024 में 55 जिले से आए 324 विद्यार्थी एवं मार्गदर्शी शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए अनेक रोचक खेल, ट्रेलिंग, सफारी, क्विज, फिल्म व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जंगल में ही किया गया। इस उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति को नजदीक से परिचय कराया गया।

11 नवंबर को सफारी के माध्यम से पेंच टाइगर रिजर्व के कोर जोन में विभिन्न प्रकार के पक्षी नीलकंठ, दूधराज, जंगली जानवर सांभर स्पॉट डियर, नीलगाय, सियार तथा टाइगर देखने का अवसर मिला तथा सफारी का आनंद लिया यह यात्रा बच्चों के लिए रोमांचकारी एवं कुतूहल भरी थी। 12 नवंबर को बच्चों ने नेचर ट्रेल के माध्यम से पेंच टाइगर के बफर जोन में वन विभाग के मार्गदर्शन में 7 किलोमीटर की पैदल यात्रा के दौरान जंगल को नजदीक से जाना वहां पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की वनस्पति एवं दीमक मकड़ी तितली जैसे छोटे जीवो का महत्व भी समझा। 13 नवंबर को ट्रेजर हंट - प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने जंगल में छुपे खजाने अर्थात वहां के फल फूलों को जाना उनके महत्व के बारे में समझा।

## बागपत के विपुल जैन हुए राष्ट्रीय मानव सेवा रत्न अवार्ड 2024 से अलंकृत

# यह उपलब्धि उन सभी लोगों की उपलब्धि है जो मेरा सेवार्थ कार्यो के लिए सहयोग करते है, मैं सभी सहयोगी बंधुओं का धन्यवाद अदा करता हूं : विपुल जैन

विनय उजाला





**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के एलटीजी मंड़ी हाउस में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद नई दिल्ली भारत द्वारा राष्ट्रीय मानव सेवा रत्न अवार्ड 2024 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से प्रशासनिक, राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक आदि विभिन्न क्षेत्रों से आयी जानी-मानी हस्तियों ने शिकरत की। फिलिस्तीन दूतावास के काउंसलर बेसम एफ हेलिस, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के मुख्य सचिव संजीव कुमार आदि ने अवार्ड शो में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। असीम एफ हेलिस ने फिलिस्तीन देश की ओर से फिलिस्तीनियों का समर्थन करने के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित हुए नेशनल अवार्डी, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार व प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता विपुल जैन बागपत को उनके सामाजिक सेवा कार्यो के लिए राष्ट्रीय मानव सेवा रत्न अवार्ड 2024 से अलंकृत किया गया। आईएचआरपीसी के चेयरमैन डाक्टर टीएम ओंकार ने बताया कि राष्ट्रीय मानव सेवा रत्न पुरस्कार एक प्रतिष्ठित सम्मान है। यह सम्मान विपुल जैन बागपत को दूसरों की मद्द करने के लिए निस्वार्थ समर्पण, सामाजिक समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान, समाज पर अपनी कार्यशैली से सकारात्मक प्रभाव डालने, समाज के विभिन्न धर्मो के लोगों में आपसी भाईचारा बढ़ाने, निस्वार्थ सेवा और अपने कार्यो और लेखनी के माध्यम से मानवाअधिकारों को संरक्षित करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। विपुल जैन ने राष्ट्रीय मानव सेवा रत्न अवार्ड 2024 से सम्मानित किये जाने पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के चेयरमैन डाक्टर टीएम ओंकार, प्रेसीडेंट डाक्टर दीपक मित्तल और उनकी समस्त टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि मेरी यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नही बल्कि उन सभी लोगों की है जो मेरा सेवार्थ कार्यो के लिए सहयोग करते है।

## संक्षिप्त समाचार

### भैरव अष्टमी पर मंशा पूर्ण भेरू की होगी महाआरती और अन्नकूट



**रतलाम, निप्र।** आने वाली भैरव अष्टमी पर नागर वास स्थित मंशा पूर्ण भेरूजी मंदिर में महाआरती व अन्नकूट प्रसादी का आयोजन होगा। मंशा पूर्ण भेरू सेवा समिति और मंदिर के पंडित देवेश मेहता चोला वाले ने बताया कि समिति द्वारा 18वां आयोजन इस वर्ष किया जाएगा। 23 नवंबर को दोपहर 2 बजे मंदिर में सोनू तिवारी मित्र मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। पाठ के समापन पर शाम 6 बजे नागर वास स्थित मंशा पूर्ण भेरू मंदिर में भगवान श्री भैरव बाबा का श्रृंगार, पूजन और पूरे विश्व तथा सभी भक्तों के जीवन में सुख, सौहाद्र और स्वास्थ के लिए प्रार्थना की जाएगी। इसके बाद गंगा मैया की आरती की तर्ज पर महाआरती और अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति ने सभी भक्तों से प्रसादी लेने की अपील की है।

### शाहपुर में बिजली के डिजिटल मीटर लगाने का रहवासियों ने किया विरोध

**बुरहानपुर, निप्र।** जिले के शाहपुर नगर परिषद क्षेत्र में रविवार को बिजली कंपनी की ओर से बिजली के डिजिटल मीटर लगाने के लिए टीम पहुंची। इसका रहवासियों ने विरोध किया। रहवासियों ने कहा कि पहले इसकी गाइडलाइन जनता को बताई जाए। इसके बाद जिला मुख्यालय से इसकी शुरूआत की जाए। शाहपुर के वार्ड नंबर 7 के पार्षद कैलाश असेरकर ने कहा-बिजली कंपनी द्वारा निजी कंपनी से डिजिटल मीटर लगाए जा रहे हैं। इसकी किसी भी प्रकार की गाइड लाइन की जानकारी आमजन को नहीं दी गई है। उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी होना चाहिए। अगर शाहपुर में मीटर लगाए जाना है तो इसकी शुरूआत जिला मुख्यालय से होना चाहिए। इसका पुरजोर विरोध करेंगे। धरना आंदोलन करेंगे। जन सुनवाई में भी शिकायत की जाएगी। लोगों ने कहा शाहपुर में जनता विरोध कर रही है। ऐसे सिस्टम को लागू करने से मना कर रही है जिससे नुकसान है। लोगों ने कहा पहले सरकार ने डीएपी के दाम बढ़ाकर किसानों को नुकसान पहुंचा दिया। अब डिजिटल मीटर के नाम पर नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। हम इसका विरोध करेंगे।

### सीवल ग्राम पंचायत में युवक ने की तोड़फोड़

**नेपानगर, निप्र।** ग्राम पंचायत सीवल में एक युवक ने बेवजह शराब के नशे में पहुंचकर तोड़फोड़ की। इसकी शिकायत पंचायत ने नेपानगर थाने में की। दरअसल एक युवक महेंद्र पिता माखन 30 ग्राम पंचायत में पहुंचा और यहां कुर्सी टेबल, तोड़ दी। इसकी शिकायत पंचायत सरपंच कविता बाई ने नेपा थाने में की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 151 के तहत केस दर्ज कर तहसीलदार न्यायालय में पेश किया जहां से उसे शाम ही जमानत मिल गई, लेकिन वह फिर पंचायत क्षेत्र में गाली गलौच करता नजर आया। इस पर पंचायत की ओर से दोबारा आवेदन देकर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। मामले में नेपा थाना टीआई ज्ञानू जायसवाल ने कहा कि शिकायत सामने आने के बाद इसकी जांच की जा रही है। वहीं इस घटना से पंचायत सचिव रोजगार सहायकों में आक्रोश है। वह इसे लेकर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा की मांग करेंगे।

### राजस्व विभाग की नई पहल-नवचार के साथ राजस्व विभाग की सुविधाएं हुई आसान

बुरहानपुर, निप्र। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशानुरूप प्रदेश में नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नित्य नवाचार किये जा रहे है। अब नवाचार के साथ राजस्व विभाग की सुविधाएं और भी आसान हो गई है। राजस्व विभाग की नई पहल आरसीएमएस के व्हाट्सएप नम्बर 94072-99468 पर जाकर नागरिकगण सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त आरसीएमएस (रिवेन्यू केस मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल पर उपलब्ध आरसीएमएस चैटबोट ''सारथी'' के माध्यम से प्रकरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस पर क्लिक करते ही विकल्प उपलब्ध हो जाते है। जिसमें आदेश प्रति, प्रकरण की जानकारी, आवेदन खोजें, नया आवेदन, भुगतान की स्थिति, चैट ऑन व्हाट्सएप भविष्य में आवेदन की जानकारी व्हाट्सएप पर प्राप्त कर सकते है।

## जिले में सरपट दौड़ रहे भोपाल पासिंग ऑटो, नाबालिक भी चला रहे

### परिवहन विभाग कर रहा दिखावे की कार्रवाई




विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र। जिले में भोपाल पासिंग ऑटो सरपट दौड़ रहे हैं। खास बात यह है कि एमपी 04 सीरिज के भोपाल पासिंग ऑटो के अधिकांश संचालकों के पास फिटनेस, दस्तावेज कुछ भी नहीं है। परिवहन विभाग महज दिखावे की कार्रवाई कर रहा है तो वहीं यातायात पुलिस को इससे कोई सरोकार नहीं है। पुलिस के सामने से यह वाहन सरपट निकलते हैं।**


एक दिन पहले परिवहन विभाग ने शहर में कार्रवाई अभियान चलाया और करीब आठ ऑटो पर कार्रवाई की, लेकिन हकीकत यह है कि एमपी 04 भोपाल पासिंग ऑटो नगर में सैकड़ों की संख्या में संचालित हो रहे हैं। इसके कभी कागज तक नही पूछे जाते। एक दिन पहले परिवहन विभाग ने महज दिखावे की कार्रवाई की। इसमें भी उन्हें महज आठ ऑटो ही मिले। जबकि एक ही चौराहे से कुछ ही समय में दर्जनों की संख्या में एमपी 04 भोपाल पासिंग ऑटो गुजर जाते हैं। वहीं दूसरी ओर परिवहन विभाग द्वारा अनफिट बसों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जबकि जिले मे अनफिट बसें काफी अधिक संख्या में संचालित की जा रही है।

अधिकांश लोग भोपाल से पुराने ऑटो खरीदकर ला रहे हैं और बुरहानपुर में यात्री सेवा के रूप में संचालित किया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इतनी अधिक संख्या में बाहरी जिले से पुराने ऑटो यहां चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी परिवहन विभाग इसे लेकर गंभीर नहीं है। अधिकांश वाहन चालकों के पास कागज नहीं है।

खास बात भी है कि करीब 16 से 17 साल के लड़के ऑटो चला रहे हैं। ऐसे सैकड़ों वाहन हैं जो दिनभर पुराने यातायात थाने के सामने से जय स्तंभ क्षेत्र से गुजरते हैं। उनके खिलाफ यातायात विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। एआरटीओ की ओर से महज लीपापोती की जा रही है।

## जिला स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता जिले भर से आए खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# जिला स्तरीय स्विमिंग महापौर ट्रॉफी प्रतियोगिता 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया







**शुभारंभ के बाद अंतरराष्ट्रीय मापदंड स्तर के स्विमिंग पूल में पहली स्विमिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई, स्विमिंग प्रतियोगिता में चार दिव्यांगों ने भी लिया भाग, नए स्विमिंग पूल में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ एसपी ने किया एवं समापन कलेक्टर द्वारा किया गया**

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र।** करोड़ों रुपए की लागत से बने प्रदेश के अव्वल अंतर्राष्ट्रीय मापदंड के स्तर के स्विमिंग पूल पर शुभारंभ के पश्चात पहली प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह के साथ संपन्न हुआ, उल्लेखनीय है कि विगत दिनों प्रदेश के नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के हाथों इस स्विमिंग पूल का शुभारंभ किया गया था, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया की वेलफेयर सोसाइटी खण्डवा द्वारा जिला स्तरीय स्विमिंग महापौर ट्रॉफी प्रतियोगिता का आयोजन 17 नवम्बर रविवार को नगर पालिका निगम के सिविल लाइन स्थित नवनिर्मित स्विमिंग पूल में किया गया जिसका विधिवत शुभारंभ खंडवा पुलिस अधीक्षक मनोज राय द्वारा किया जाकर स्विमिंग प्रतियोगिता के खिलाड़ियों एवं आयोजकों से चर्चा कि, प्रतियोगिता का समापन जिला कलेक्टर अनूप कुमार सिंह के हाथों संपन्न हुआ, एक दिवसीय स्विमिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्विमिंग वेल फेयर सोसाइटी के अध्यक्ष चैनसिंह वर्मा एवं सचिव सुनील शर्मा ने बताया कि इस जिला स्तरीय स्विमिंग प्रतियोगिता में केडेट, सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग बालक बालिकाऔ के मुकाबले आयोजित किए द्य स्विमिंग विधा में 50 मीटर, फ्री स्टाईल , 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर बेक स्ट्रोक ,100 मीटर फ्री स्टाइल एवं 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक का आयोजन किया, चैनसिंह वर्मा ने बताया कि नगर पालिका निगम खण्डवा एवं लहरों के राजा स्विमिंग तैराकी संघ खण्डवा के विशेष सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया, खेल को प्रोत्साहित करने एवं जिले के खिलाडियों को एक मंच देने हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन कियागया, प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में 150 इंट्री प्राप्त प्राप्त हुई प्राप्त हुई, जिसमें चार दिव्यांगों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया, बड़े उत्साह के साथ छोटे एवं बड़े बड़ों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर आनंद प्राप्त किया।

# कुँवर दिव्यादित्य शाह ने किया अरिहंत बाल मेले का उद्घाटन, उमड़ा जन सैलाब





विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** अरिहंत पब्लिक स्कूल में चाचा नेहरू के जन्मोत्सव पर स्वाद व संस्कार उत्सव बाल मेले का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति अध्यक्ष कुंवर दिव्यादित्य शाह ने फीता काटकर मेले का शुभारम्भ किया। मंच कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन किया गया तत्पश्चात शाला संचालक संतोष जैन, कोषाध्यक्ष कविता जैन, मेनेजिंग डायरेक्टर अक्षत जैन, प्रधानध्यापिका प्रीति दुबे द्वारा स्वागत किया। सरस्वती वंदना पर नृत्य गौरी राजपूत द्वारा तथा स्वागत नृत्य प्रीति मालवीय द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर दिव्यादित्य शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि अरिहंत स्कूल ने सर्वप्रथम यहाँ एक नया शिक्षा का माध्यम,नया स्टेज आयाम दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप लोग इस बाल मेले से व्यापार करना सीख रहे है यह व्यापार करने का नया प्लेटफॉर्म है। सीएमओ मोनिका पारधी ने कहा कि इस मेले से मुझे एक चीज अनुभव हुई कि सारे क्षेत्र अब सब बराबर है। इस मेले से बच्चे केलकुलेशन करना, व्यापार करना, बातचीत करना सीखेंगे। विधायक प्रतिनिधि कमल खन्डेलवाल एवं राजेन्द्र बनवट द्वारा भी सम्बोधित किया गया। संचालक संतोष जैन द्वारा शाला का विगत आठ वर्ष का शाला का ब्यौरा दिया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश वर्मा, उपाध्यक्ष द्वारका प्रसाद प्रजापती, सांसद प्रतिनिधि रमेशचंद अग्रवाल, समाजसेवी मोनी सोमानी, आनंद सांड आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कपिल यादव द्वारा किया गया तथा आभार मेनेजिंग डायरेक्टर अक्षत जैन ने माना।

### 69 स्टालों पर हुआ 5 लाख का व्यापार

अरिहंत पब्लिक स्कूल में बाल में विद्यार्थियों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों के 69 स्टाल लगाए गए थे। सभी स्टालों पर करीब 5 लाख रूपए का व्यापार विद्यार्थियों ने किया। बाल मेले में एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों द्वारा अंकुरित अनाज चाट व फ्रूट चाट का स्टाल लगाया था। वहीं मावा रबड़ी, कुल्हड़ चाय, फायर पान, ब्रेड रोल, दावेली, अप्पे आदि स्टॉलों को पालकों व अतिथियों ने खूब सराहा। लगभग चार हजार पालकों व अतिथियों ने बाल मेले में स्टालों पर पहुँचे स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। बाल मेले में स्वाद के साथ-साथ संस्कार के अन्तर्गत समस्त अतिथियों व पालकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं सभी के सुझाव भी लिए गए।

## नगर की ग्लोबल राइज इंटरनेशनल स्कूल ने विद्यार्थियों को कराया गुजरात में स्टैच्यू ऑफ युनिटी का भ्रमण






विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** नया हरसूद छनेरा की ग्लोबल राइज इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यार्थियों को गुजरात के नर्मदा जिले के केबडिया में स्थित स्टैच्यू ऑफ युनिटी का भ्रमण कराया गया। 14 नवंबर को विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए स्कूल से रवाना हुए थे। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने केबडिया में स्टैच्यू ऑफ युनिटी, जंगल सफारी एवं सरदार सरोबर बांध को निहारा। जंगल सफारी के दौरान विभिन्न प्रकार पशु-पक्षियों को देखा तथा उनके बारे में विस्तार से जाना। इस दौरान व्हाइट टाईगर, रॉयल बंगाल टाईगर एवं प्रसिद्ध एशियाई शेर जैसी बिल्लियों की श्रृंखला देखी। गुजरात से लौटते समय विद्यार्थियों ने महेश्वर में किले का भ्रमण किया तथा नर्मदा नदी में वोटिंग का आनंद लिया। स्कूल डायरेक्टर अजीत रायखेरे ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को बाहरी दुनिया से जुडने तथा विषय वस्तु को समझने में मदद मिलती है। इसी उददेश्य से विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया है। राजेंद्रसिंह बघेल, प्रीति नामदेव, रक्षा चौहान, पार्वती मौर्य एवं राखी राजौरे सहित अन्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

## निवेश क्षेत्र में नहीं ली जाएगी निजी भूमि, अब तक 3000 करोड़ के प्रस्ताव मिले

# कैबिनेट मंत्री की पहल से हो सकती है औद्योगिक इकाइयों की स्थापना




**रतलाम, निप्र।** निवेश क्षेत्र में किसी की भी निजी भूमि नहीं ली जाएगी, यह सुनिश्चित किया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में बताया गया कि प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप की पहल से रतलाम निवेश क्षेत्र की 1466 हेक्टर भूमि में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होने जा रही है। करीब 35 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

बैठक में कलेक्टर राजेश बाथम, कार्यकारी संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम राजेश राठौर, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम श्री अनिल भाना, पलसोढी, बिबड़ोद, जुलवानिया, सरवनीखुर्द, जामथुन, रामपुरिया ग्रामों की संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, सचिव, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक राठौर ने बैठक में बताया कि निवेश क्षेत्र के 6 ग्रामों में 1466 हेक्टेयर भूमि में अभी 260 करोड रुपए का इंफ्रास्ट्रक्चर विकास किया जा रहा है। निवेश क्षेत्र में जील, यूटीएल सोलर, गोल्ड क्रस्ट आदि कंपनियों के लगभग 3 हजार करोड रुपए निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिनसे करीब 5 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। यूटिएल द्वारा सोलर उपकरण, सेल बैट्री आदि निर्माण की फैक्ट्री लगाई जाएगी। जील द्वारा छाता निर्माण किया जाएगा, साइट्रिक एसिड बनाने वाली गोल्ड क्रस्ट कंपनी भी फैक्ट्री लगाने जा रही है।

### पर्यावरण की होगी रक्षा

निवेश क्षेत्र में आ रहे विभिन्न प्रोजेक्ट की वास्तविक जानकारियां स्थानीय लोगों को उपलब्ध कराने एवं शंकाओं के समाधान हेतु आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि औद्योगिक निवेश क्षेत्र में अनुमानित रूप से कम से कम 10 हजार करोड रुपए का निवेश आ रहा है। निवेश क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट को उचित ढंग से उपचारित एवं निष्पादित किया जाएगा जिसमें पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया गया है।

# बुजुर्ग महिला से चेन चुराने वाली 2 महिला और पुरुष गिरफ्तार




विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** ऑटो में बैठी बुजुर्ग महिला की सोने की चैन चुराने वाली 2 महिला 3 आरोपियों को माणकचौक पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि कासारा बाजार मांगलिक भवन के सामने आटो रिक्शा मे बैठी एक बुजुर्ग महिला के गले की सोने की चैन चोरी कर ली गई थी। महिला ने माणकचौक थाने पर अपराध पंजीबद्ध करवाया था।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह गाडरिया, सायबर सेल, सीसीटीवी एवं माणकचौक की संयुक्त टीम ने जांच की। शहर के सम्भावित रास्तों के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य तलाशे। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रीय किया। यहां से पुलिस को सूचना मिली जिसके आधार पर संदिग्ध महिलाओं की तलाश शुरु की। सुराग के आधार पर बिलपाँक टोल नाके से संदिग्ध वाहन सफेद रंग की कार की घेराबंदी कर हाईवे पर धराड़ में रोका गया। चेक करते वाहन मे दो महिला अपने बच्चो के साथ बैठी मिली। संदेह के आधार पर इनसे पूछताछ की गई तो आरोपीयों द्वारा चोरी करना कबूल कर लिया गया। 15 ग्राम वजनी सोने की चैन भी पकड़ी गई कार से ड्रायवर सीट के पीछे से निकलाकर पेश की। पुलिस ने आरोपी रेखादेवी पति सुनील बागड़ी उम्र 38 वर्ष निवासी श्रीजीवाटीका खुर्दी कोटपुतली जयपुर राजस्थान, सुजाता उर्फ काजल पति राज उर्फ शिवा बागड़ी उम्र 20 वर्ष निवासी सदर और सुनिल पिता महेन्द्रसिह बागड़ी उम्र 45 वर्ष निवासी सदर को गिरफ्तार कर लिया है।

### गुजरात में भी की चोरी

आरोपीयो ने बताया कि 12 नवंबर को पोरबंदर गुजरात में भी चोरी कर चुके हैं। पुलिस द्वारा चोरी गया मशरुका जप्त कर लिया गया है। साथ ही पोरबंदर पुलिस को भी सुचना दी गई है। आरोपीगणो से चोरी के अन्य प्रकरणो के सम्बंध मे भी पुछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि रतलाम में चुराई सोने की चैन करीब 1,20,000 रुपये की तथा सफेद रंग टोयटा कार करीब 14 लाख रुपये की बरामद कर ली गईहै।

## मेडिकल कॉलेज बन रहा राजनीति का अखाड़ा

# दीक्षांत समारोह में सांसद, विधायकों की अव्हेलना से बढ़ी नाराजगी

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र। इस बार मेडिकल कॉलेज का पहला दीक्षांत समारोह जिले में कुछ समय से चल रही राजनैतिक गुटबाजी का अखाड़ा बन गया। काफी समय से रतलाम शहर व जिले के अन्य क्षेत्रों के बीच वर्चस्व का अघोषित द्वंद चल रहा है। राजनैतिक रूप से भी इस द्वंद को हवा मिलती रहती है।**

अधिकारी और जिले का प्रशासनिक अमला इसका शिकार होते रहते हैं। इन दिनों इस द्वंद का अखाड़ा बना डॉ लक्ष्मीनारायण पांडेय शासकीय मेडिकल कॉलेज बना हुआ है। इस द्वंद को रविवार को भी देखा गया जब मेडिकल कालेज की पहली बेच का दीक्षांत समारोह रखा गया।

कार्यक्रम में भी जिले के जनप्रतिनिधियों को दूर रखने का प्रयास किया गया। सिर्फ नगर के नेता ही अतिथि के रूप में सुशोभित रहे। जिले के इस संस्थान में जिले के ही अन्य जनप्रतिनिधि इस बार भी प्रशासन को याद नहीं आए।

यहां तक कि रतलाम ग्रामीण जिस विधानसभा में यह संस्थान आता है, उसके विधायक को भी न्यौता नहीं मिला। बीते दिनों मेडिकल कालेज केम्पस में जिले के शासकीय नर्सिंग कालेज का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ था। यह भूमिपूजन प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअल किया, लेकिन एक्चुअल कार्यक्रम के स्थानीय आमंत्रण में प्रोटोकॉल को ताक में रख सिर्फ दो जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया।

बाद में प्रशासन ने सफाई दी कि ये संस्थान जिस स्थान पर आता है वह रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में आता है इसलिए दूर के जनप्रतिनिधियों को पराया मानकर नहीं बुलाया गया।

### दाव उल्टा पड़ने के आसार

इस बार दाव उल्टा पड़ने की संभावना जताई जा रही है। कई नेताओं ने आदिवासी क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि ने तो मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना है। उच्च स्तर पर शिकायत करने का मन भी बना लिया है। प्रोटोकॉल की शिकायत उच्च स्तर पर होती है तो मेडिकल कालेज के साथ जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी परेशानी में आ सकते है। ज्ञातव्य है कि कुछ वर्षों पूर्व तत्कालीन सांसद ने ऐसी ही शिकायत की थी जिसका जवाब अधिकारियों को दिल्ली तक देना पड़ा था। प्रोटोकॉल के इस उल्लंघन में स्थानीय सांसद को तो कोई पूछ ही नही रहा है। ताजा घटनाक्रम से संगठन भी पसोपेश में पड़ा हुआ है कि वह किसकी सुने और किसे समझाए। आपसी खींचतान की ज्वाला में गुटबाजी की हांडी में उबाल आ रहा है।

### नाम को लेकर भी रही खींचतान

यूं तो यह कॉलेज पूरे जिले का चिकित्सा संस्थान है रतलाम के एक गांव में स्थित है। लेकिन रतलाम शहर के अधिकांश राजनेता इसे शहर की एक संस्था मान रहे हैं। लगभग पिछले 4 विधानसभा चुनावों से रतलाम नगर का प्रमुख मुद्दा भी मेडिकल कालेज ही रहा है। इस संस्थान की स्थापना में जिले के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की मेहनत व प्रयास है। इसे बीते समय तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने स्वीकार करते हुए इस संस्थान का नामकरण पूर्व सांसद के नाम से कर दिया। हालांकि यह नामकरण भी रतलाम नगर कर नेताओ को स्वीकार नही हो पाया और कई ने बदलने के लिए चिट्ठी भी लिखी और लिखवाई थी।

